भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 704
दिनांक 26.07.2023 / 04 श्रावण, 1945 (शक) को उत्तर के लिए

देश में जनगणना

704# श्री राम नाथ ठाकुरः
क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि भारत की आबादी विश्व में सबसे अधिक हो चुकी है;
(ख) क्या सरकार का सटीक आंकड़ों के लिए देश में जनगणना कराए जाने का मन्तव्य है; और
(ग) यदि हां, तो सरकार का कब तक देश में जनगणना कराए जाने का विचार है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानंद राय)
(क): संयुक्त राष्ट्र, आर्थिक और सामाजिक मामलों के विभाग, जनसंख्या प्रभाग के ऑनलाइन प्रकाशन, विश्व जनसंख्या प्रॉस्पेक्टस 2022 के अनुसार, 1 जुलाई, 2023 को चीन की कुल अनुमानित जनसंख्या 142,56,71,000 है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के राष्ट्रीय जनसंख्या आयोग द्वारा प्रकाशित जनसंख्या अनुमान पर तकनीकी समूह की रिपोर्ट के अनुसार, 1 जुलाई, 2023 को भारत की अनुमानित जनसंख्या 139,23,29,000 है।

(ख) और (ग): जनगणना 2021 कराने की सरकार की मंशा भारत के राजपत्र में 28 मार्च, 2019 को अधिसूचित हुई थी। कोविड-19 के प्रकोप के कारण, जनगणना 2021 और संबंधित फील्ड गतिविधियों को स्थगित कर दिया गया है।

*****